# वेदांता रिसर्च सेंटर के अधिवेशन से जुड़ कर सीखें जीने की कला : डॉ एचपी नारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वेदांता रिसर्च सेंटर का वार्षिक अधिवेशन 2 से 5 नवंबर तक चलेगा। वार्षिक महोत्सव का कार्यक्रम आईएमए भवन करमटोली में होगा। झारखंड समेत भारत के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के दर्शन शास्त्री कुलपति व अन्य शिक्षाविद इसमें शामिल होंगे। वार्षिक अधिवेशन तीन सेशन में होगा, जिसे सनातन धर्म और वेदांता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। दो-तीन और चार नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में जीवन को कैसे जीना चाहिए, इन बिंदुओं पर चर्चा होगी।

उपरोक्त बातें प्रेस वार्ता कर डॉ एचपी नारायण ने कही। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की इस कार्यक्रम में आने की संभावना है। वहीं लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत इस कार्यक्रम में 5 तारीख को शामिल रहेंगे। डॉ एचपी नारायण ने कहा कि पिछले 25 सालों से वेदांता रिसर्च सेंटर काम कर रहा है। अपने विचार और संदेश दे रहा है। भारत ही नहीं विश्वभर में इसके बारे में लोगों को जानने की आवश्यकता है।

**सभी को इस कार्यक्रम से जुड़ना चाहिए : डायरेक्टर**

प्रेस वार्ता में शामिल वेदांता रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर डॉ. राजकुमारी सिंह ने कहा, वेदांता के वार्षिक महोत्सव में आने वाले शिक्षाविद वेदांता जीवन जीने की कला है, इसके बारे में विस्तार से बताएंगे। हम सभी को इससे जुड़ना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को कैसे जिएं, इस बारे में अच्छी तरह से समझ सकेंगे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोपाल पाठक ने कहा कि वेदांता के होने वाले कार्यक्रम में सभी को जुड़ना चाहिए। इसके ओपन सेशन में भी शामिल होकर लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने आगे स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का जिक्र करते हुए कहा, वेदांता की एक बात वहां भी प्रमुखता से उठाई गई थी। प्रेस वार्ता में लाला लक्ष्मी लाल, डॉ सरस्वती मिश्रा, डॉ. इंदिरा पाठक, रमाकांत, एमडी बनर्जी, विनय पाठक और अन्य शामिल थे।

## अवैध कारतूस की आपूर्ति से जुड़े मामले में सत्यम पर चार्जशीट

एटीएस टीम ने 30 अगस्त को किया था गिरफ्तार

**रांची।** अवैध कारतूस के साथ गिरफ्तार सत्यम कुमार की मुश्किलें बढ़ गई है। आंतकवाद निरोधी दस्ता ने उसके खिलाफ दर्ज मामले की जांच पूरी करते हुये चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट एटीएस की विशेष अदालत में दाखिल की गई है। जिस पर अदालत ने संज्ञान ले लिया है। उपस्थिति की तारीख 21 नवंबर निर्धारित की गई है। आरोपी सत्यम कुमार मूलतः बिहार के सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के कॉलेज गेट कायस्थ टोला निवासी है। एटीएस टीम ने उसे बीते 30 अगस्त को डोरंडा ओवरब्रिज स्थित हनुमान मंदिर के निकट संदिग्ध गतिविधि के आधार पर गिरफ्तार की थी। तब से वह जेल में है। तलाशी के दौरान 7.65 एमएम का 20 जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया था। दाखिल चार्जशीट में कहा गया है कि बरामद कारतूस रूद्रा गैंग के सरगना रंजन कुमार सिंह एवं सदस्य अभिमन्यु साहू के बताये गैंग सदस्यों तक पहुंचाना था। इसका उपयोग गैंग के सदस्य व्यापारियों एवं उद्योगपतियों में आतंक एवं दहशत का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने में किया जाना था। रूद्रा महतो के सरगना के कहने पर ही कारतूस रांची लेकर पहुंचा था। इसके लिए उसे 82 हजार 500 रुपये ऑनलाइन पेमेंट किया गया था। यह भुगतान लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी अभिमन्यु साहू ने फोन पे के माध्यम से भेजा था। राशि मिलने के बाद ही कारतूस रंजन कुमार सिंह को देना था। चार्जशीट भादवि की धारा 120बी एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत दाखिल की गई है।

## खबर एक नजर में

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती



**रांची।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के शुभ अवसर पर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्राम्बे,रांची के छात्रों द्वारा एक रैली निकाली गई। इस रैली में शामिल सभी छात्रों ने धर्म जाति के अंतर को तोड़ो और हाथ मिलाओ भारत जोड़ो के नारे के साथ रैली का आगाज किया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय अंबुज कुमार झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी को याद करते हुए उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्या डॉ. रोमी झा के के संरक्षण में इस रैली को सफल बनाया गया।

### पटेल बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन



**रांची।** लौह-पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती का आयोजन लोधमा स्थित पटेल बी0 एड0 कॉलेज में किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत सचिव महोदया एवं सभी शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ0 अनुराधा कुमारी ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय-एकीकरण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया तथा उनसे सीख लेने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्या सहित शिक्षकों , शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने सरदार पटेल को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के पश्चात राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ भी लिया। इसके बाद प्राचार्या ने कॉलेज की एन0एस0एस0 इकाई को कॉलेज परिसर से लोधमा चैक तक रन फॉर यूनिटी के लिए रवाना किया। इस रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय-एकता के लिए कृतसंकल्प रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कॉलेज सचिव, प्राचार्या, सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### एकता दिवस पर में दौड़े जेवेरियन



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज एनसीसी (1/3 कंपनी) ने एकता दिवस के अवसर पर यूनिटी रन का आयोजन किया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने एकता दौड़ का उद्घाटन किया। दौड़ सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची से शहीद चौक से होते हुए कचहरी चौक से वापस सेंट जेवियर्स कॉलेज पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में कुल 80 कैडेटों और छात्रों ने भाग लिया। दौड़ के अंत तक सभी प्रतिभागी जोश और उत्साह से लबरेज थे। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मना एकता दिवस




**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मंगलवार को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को एकता दिवास के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देश की एकता एवं अखंडता तथा भाईचारे को बनाए रखने की शपथ ली। साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। विद्यालय के छात्र आर्यन दुबे तथा ऋषिता कुमारी ने इंदिरा गांधी तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदानों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्प द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विद्यालय की उप प्राचार्य शिल्पी रानी, आशुतोष कुमार, अनिमा एक्का, पमिता लकड़ा, पूजा रानी, दीपिका कुमारी, किरण कुमारी समेत कई अभिभावक भी उपस्थित थे।

### मेकॉन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह में पहुंची डॉ प्रवीण कुमारी सिंह

**रांची।** मेकॉन रांची में मंगलवार को केंद्रीय सतर्कता आयोग की अपर सचिव डॉ. प्रवीण कुमारी सिंह पहुंचकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उत्सव पर उन्होने एथिक्स एंड गवर्नेंस पर अपनी प्रस्तुति दी। सभा की शुरूआत उन्होने दीप प्रजव्लिन कर के की एवं समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होने पारदर्शिता, निवारक जाँच, निति, सतर्कता पर मेकॉन कर्मचारियों को जागरूक किया। सभा में मेकॉन के निदेशक एस.के. वर्मा, मुकेश कुमार, पी. के. दीक्षित,अमित राज एवं बी. विश्वनाथ मुख्य सतर्कता अधिकारी मेकॉन उपस्तिथ थे। इनके साथ सुमित कुमार सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सीसीएल एवं पंकज कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएमपीडीआई भी उपस्थित थे।

### श्री राम भरत मिलाप का वार्षिक उत्सव संपन्न

**रांची।** श्री राम भरत मिलाप का वार्षिक उत्सव मंगलवार को संपन्न हो गया। श्री राम भरत मिलाप समिति की ओर से आयोजित वार्षिक उत्सव डोरंडा में मिठाई स्वरूप बुंदिया का वितरण कर हर्षोल्लास संपन्न किया गया। इस अवसर पर रोहित शारदा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस क्षेत्र में वर्ष भर लोगों को श्री राम भरत मिलाप वार्षिक उत्सव का इंतजार रहता है। सभी सहयोगियों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक सरदार अशोक सिंह, जयनारायण विजय, सुरेश प्रसाद, सोहन राम, अशोक सराफ,अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, विनय ठाकुर, देवराज बर्मन, जितेंद्र बरनवाल, कुंदन सिन्हा, अभिषेक ठाकुर,राजेश विजय, कृष्ण कुमार पिलानिय,संजय सुल्तानिया, प्रकाश बर्मन, ऋषि शारदा, प्रिया सिन्हा, रिंकू तमांग,निरूपा कुमारी, रेखा पासवान,श्रेयास सिंह, अविनाश कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### बीएयू स्थित छठ घाट की सफाई की गयी



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मन्दिर के उत्तर स्थित जुमार नदी किनारे छठ घाट की सफाई नवयुवकों ने जेसीबी मशीन लगाकर की। सफाई अभियान आरवीसी परिसर में रहने वाले अमरजीत पासवान, विशु मंडल और दिलीप उरांव के नेतृत्व में चलाया गया। सफाई के दौरान आरवीसी से जुमार नदी पुल जाने वाली सड़क के दोनों और बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट डंप किया हुआ पाया गया। सफाई अभियान दल द्वारा सड़क के दोनों किनारे मेडिकल वेस्ट डंप किये जाने पर कार्रवाई किये जाने का बोर्ड भी लगा दिया गया है। सफाई दल में मिथलेश यादव, कन्हैया पासवान, अंकित राम, विशेष कुमार, सोनू पंडित, रोहित कुमार राम, निखिल सिंह, रॉकी राम, विनोद राम, आयुष कुमार, राजू कुमार राम, निखिल कुमार पासवान, पंकज गाड़ी आदि शामिल थे। सफाई अभियान में शामिल लोगों द्वारा बीएयू के सुरक्षा पदाधिकारी को पशुपतिनाथ मन्दिर, छठ घाट और नदी किनारे आसपास के अस्पतालों द्वारा मेडिकल वेस्ट डंप किए जाने की जानकारी दी गयी। इसके बाद सुरक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने कांके थाना में लिखित शिकायत की।

## एटीएम कार्ड बदलकर 71 हजार 5 सौ रुपये लेकर फरार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 28 अक्टूबर 2023 को अलग अलग समय में एटीएम से करीब 71 हजार पांच सौ रुपये की राशि निकाल कर फरार हो गए अज्ञात युवकों के खिलाफ दला-दिली ओपी में शिकायत दर्ज कराई गई है। भुक्तभोगी दला- दिली ओपी चाय बगान निवासी छत्रपाल राम उस्ताद ने आवेदन में लिखा है कि एचडीएफसी बैंक के एटीएम दला-दिली चौक स्थित एटीएम में पैसे निकालने गये थे और एटीएम कार्ड से दस हजार रुपए निकाला। इसी बीच एटीएम रुम से बाहर निकालते समय दो अज्ञात लड़के थे उन दोनों ने मेरे एटीएम कार्डको अपने कार्ड से बदल दिया और चला गया । उस वक्त एटीएम कार्ड चेक नहीं कर पाया 10 मिनट बाद खाता से दस-दस हजार राशि करके तीन बार कटहल मोड़ एटीएम से निकाल लिया गया, फिर हीरामनी पेट्रोल पंप रिंग रोड सिमलिया से 21000 और फिर 20500 एटीएम पोश मशीन से पुर्जा निकाल कर नगद हीरामनी पेट्रोल पंप के कर्मचारी से एकतालीस हजार पाँच सौ रुपये नगद लेकर भाग गये। मैसेज आने पर जब हम हीरामनी पेट्रोल पंप गये तो पूछताछ करने पर वहाँ कर्मचारी से जानकारी मिली। उनलोगों ने बताया कि कुछ लोग आये थे और बोले कि नगद पैसा दे दो इसके एवज में कुछ राशि देने की बात कही। इसके पश्चात पंप के चार कर्मचारी लालच में आकर उनके साथ लेन देन किया। एटीएम द्वारा कुल एकतहर हजार पाँच सौ रुपए उन दोनों के द्वारा जालसाजी कर निकाला गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सीसीएल में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए 12 कर्मियों को सीसीएल परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर मंगलवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर निदेशक (तक./संचालन) राम बाबू प्रसाद तथा निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 97 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया है।

समारोह में निदेशक राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी आज एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरूआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। उन्होंने जीवन के दूसरी पाली के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन से कंपनी दिनानुदिन उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

**सेवानिवृत होनेवाले कर्मी**

सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक, डॉ. अरुणा हेम्ब्रोम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. रागिणी श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजेश कुमार जायसवाल, मुख्य प्रबंधक (एमएम), भावेश कुमार राठौर, मुख्य प्रबंधक (का.), अमरेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (का.), प्रवीर कुमार सोरेन, मुख्य प्रबंधक (जियोलॉजी), मो. खातिर खान, मुख्य कैशियर, मगन मुंडा, वरीय वार्ड बॉय, मुनारी राम, वरीय डम्पर ऑपरेटर एवं कैलाश चंद्र नाइक, सफाई कर्मचारी शामिल है।

सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

## सभी तालाबों की साफ-सफाई का लिया निर्णय

स्टूडेंट फेड्रेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्टूडेंट फेड्रेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में 64वें वर्ष छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वर्ष 2022 के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया एवं पुरानी कमिटी को भंग की गई। बैठक में समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने नगर निगम से आग्रह किया कि पूजा के पहले बड़ा तालाब सहित राजधानी के सभी तालाबों की साफ-सफाई कराई जाये, ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूजा से पहले सभी छठ घाटों को साफ किया जाये। उन्होंने बताया कि सर्व सहमति से राजीव रंजन मिश्रा एवं संजय सेठ को मुख्य संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा संरक्षक के रूप में विनय सरावग, शमशेर आलम, प्रणय कुमार, रमेश सिंह, साहेब अली, मो असलम, मो एतेशंषाम, संदीप वर्मा, सुशील केजरीवाल को चुना गया। संयोजक- रतन जालान, किशोर साहू, गोपाल पारीक, सूरजभान सिंह, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी एवं महेश चंद्रा बने। अध्यक्ष- राम अनुज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- रमेश केडिया, महा मंत्री- बंटी सिंह, मंत्री- दीपू गाड़ी, उपाध्यक्ष- लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा, विशाल मिश्रा, मनोज शर्मा चुने गये। साथ ही 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गई ।

बैठक में मुख्य रूप से अविनाश आनंद, पुरुषोत्तम मालाकर, सत्यनारायण राम, दीपू राम, आर्यन कुमार, निरंजन मिश्रा, संदीप शर्मा, श्याम कपाड़िया, राजू कपाड़िया, मनीष सिन्हा सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## सेल रांची में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सेल रांची ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही इस्पात भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इसके बाद श्यामली कॉलोनी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशकों के नेतृत्व में अधिकारियों, गैर-कार्यपालकों सहित अनुबंध श्रमिकों के विस्तारित परिवार एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूरे दृढ़ संकल्प और उत्साह के साथ इस दौड़ में भाग लिया। प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में अनुबंध श्रमिकों के बीच एकता दौड़ वाली टी-शर्ट का वितरण किया गया। निर्विक बनर्जी ईडी प्रभारी (आरडीसीआईएस) और आशीष चक्रवर्ती ईडी (एसएसओ और एचआरडी) ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। एसके वर्मा ईडी (सीईटी) और वेदप्रकाश ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## श्री महाकाली पूजा समिति के पंडाल का भूमि पूजन संपन्न

**रांची।** श्री महाकाली पुजा समिति का मंगलवार को पंडाल के लिये भूमि पूजन किया गया। इसमें वर्ष 2023 में भव्य काली पूजा किया जायेगा। भूमि पूजन चैती दुर्गा मंदिर के पंडित सुभाष मिश्रा ने पूर्ण कराये। यजमान के रूप में बबलू वर्मा ने भूमिका निभायी। भूमि पूजन में समिति के मुख्य संरक्षक अलोक दुबे, महानगर काली पुजा समिति के अध्यक्ष विनय सिंह, रामधन बर्मन, नंदकिशोर सिंह चंदेल, दीपक ओझा, बंटी वर्मा, राजीव पांडे, उज्वल कुमार, अरुप मोदक, दिलीप सिंह, प्रिया बर्मन, नीतू सिंह, शिल्पी वर्मा, कमलेश यादव, अशोक यादव, करण सिंह, आशीष रजक, नमम भारतीय, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, हर्ष सिंह, यश वर्मा, सौरव रजक आदि शामिल थे।

## डीएवी हेहल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में मंगलवार को देश के प्रथम गृहमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये शत शत नमन किया।

उन्होंने कहा कि भारत एक अनोखा राष्ट्र है। इसका निर्माण विविध भाषा,संस्कृति, धर्म के तानो- बानो,अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बांध कर हुआ हैं। इसलिये हम सभी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी को याद करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एनके दुबे, ओपी गोयल, पारश पाण्डेय, तारकेश्वर कुमार, अनुश्री, अनुराधा सिंह, मधुश्री,अनुपमा रानी, मधुमिता विश्वास आदि शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद थे।

## याद किये गये देश के लौह पुरुष और लौह महिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गँधी की पुण्यतिथि एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मालूम हो कि आज के दिन को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। दिन की शुरूआत में ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर भारत के मानचित्र का निर्माण किया और अपनी एकता और एकजुटता का परिचय देते हुए समाज में एकता के संदेश को प्रसारित किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपने भाषण के माध्यम से सरदार पटेल एवं इंदिरा गांधी के योगदान को रेखांकित करते हुए आजादी को प्राप्त करने के बाद देश के एकीकरण में सरदार पटेल एवं कालांतर में देश के सशक्तिकरण में इंदिरा गांधी की भूमिका को याद किया।

इस अवसर पर एकता को समर्पित गीत, नाटक, भाषण, वातालर्लाप इत्यादि ने उपस्थित छात्र- छात्राओं में सामाजिक, पारिवारिक और वैश्विक स्तर पर एकता की भावना को जगाने का काम किया। सामाजिक एकता को दशार्ने के उद्देश्य से विद्यालय के निकटवर्ती स्थान पर छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया और सभी को एकजुट होकर अपने व्यक्तिगत और राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश भी दिया। अंत में सभी ने मिलकर जाति- धर्म, ऊंच-नीच, वर्ग-वर्ण इत्यादि के भेदभाव को भूल कर, एकजुट हो कर देश एवं समाज के उत्थान की कसम उठाई। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इन दोनों विभूतियों का जीवन हमारे लिए प्रेरणा का प्रकाश पुंज है। यदि हम इनके दिखाए मार्ग पर चलें तो एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र के इनके सपने को अवश्य पूरा कर सकेंगे।

## झारखंड में महिलाओं एवं बच्चों को पोर्न फिल्मों में जबरदस्ती धकेला जा रहा : प्रशांत करण

एटसेक झारखंड चैप्टर की में मानव तस्करी से बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** एटसेक झारखंड चैप्टर के बैनर तले मंगलवार को एसडीसी सभागार पुरलिया रोड में मानव तस्करी से बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से 100 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत करण (पूर्व आईपीएस) थे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में महिलाओं एवं बच्चों को पोर्न फिल्मों में जबरदस्ती धकेला जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण मानव तस्करी है। आज झारखंड के बच्चों और महिलाओं को उनके इच्छा के विरुद्ध महानगरों में ले जाकर के भिक्षाटन वेश्यावृत्ति एवं नशीली पदार्थ का तस्करी उनके इच्छा के विरुद्ध कराया जाता है। गैर सरकारी संगठन और सरकार ने मिलकर इसके विरुद्ध कार्य तो कर रहे हैं, लेकिन हम अभी भी वैसी महिलाओं और बच्चों को बचाने में असमर्थ हैं, जो सुदूर इलाकों में बसते हैं। उन्हें समाज के इस घृणित काम की पहचान नहीं है। शोषक वर्ग महानगरों के चौक चौबंद और हसीन सपने दिखाकर महानगरों में ले जाते हैं। वहां पर पीड़िता को मामूली मूल्य पर बेच दिया जाता है। आज भी हमारे समाज में इस प्रकार की कुरीतियों उत्पन्न हो रही हैं।

वहीं, चंद्रशेखर मिश्र ने कहा कि तस्कर हमारे आसपास के बीच के ही लोग होते हैं। ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि पीड़िता को उसके करीबी लोग ही उसे महानगरों में जाकर के बेच देते हैं। सहिया संस्था के सचिव मदन साहू ने कहा कि हमें एक चेन बनाकर के महिला उत्पीड़न और मानव तस्करी के खिलाफ कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि इस घृणित कार्य को रोका जा सके। कार्यक्रम में देवघर, दुमका, पाकुड़ जैसे जिलों से स्वयसेवी संस्था के सचिव एवं महिला और बाल हित में कार्य कर रहे विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल थे। मौके पर महिला सुरक्षा और असुरक्षित पलायन जैसे मुद्दों को भी चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में शिवानी प्रिया शालिनी राज अंकित मिश्र रविश कुमार का योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन परीखा राम ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

स्पीड न्यूज

### रातू: तिलता से यामहा बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी थम नहीं रही है। इससे लोगों में भय का माहौल है। वहीं दूसरी ओर गिरोह की सक्रियता से पुलिस की परेशानी भी बढ़ गयी है। सोमवार की रात अपराधियों ने तिलता स्थित अमित इंटरप्राइजेज दफ्तर के बाहर खड़ी प्रो अमित कुमार तिवारी की यामहा कंपनी की बाइक आर-15 जेएच 01 ईबी 0630 को निशाना बनाया। अपराधियों ने मास्टर चाबी से लॉक खोल गाड़ी की चोरी कर रफू-चक्कर हो गये। हालांकि प्रतिष्ठान के सीसीटीवी में दो अपराधकर्मी कैद हो गये हैं। उनकी शिनाख्त की जा रही है। मामले को लेकर पाली निवासी श्री तिवारी ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### राणाडीह गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में विगत दो दिनों से 50-55 हाथियों के झुंड ने गांव के समीप खेत में लगे धान की फसल को खाया और रौंद दिया। हाथियों ने गांव के किसान सुरेश महतो, लखिंदर महतो, शंकर सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा, रामशक्ल सिंह मुंडा, सुरेन्द्र सिंह मुंडा, खगेशवर सिंह के 5 एकड़ में लगे धान फसल को नष्ट कर दिया है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर हाथी भागने और मुआवजा देने की मांग की है। हाथियों का झुंड बांस वन से निकल कर तमाड़ रेंज के जंगल पहुंचा है।

### बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति के अध्यक्ष बीना मुंडा की अध्यक्षता में समिति की एक बैठक हुई। इसमें 15 नवंबर को भगवान बिरसा जयंती कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि एक समारोह आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। बैठक में वीना मुंडा के अलावा सचिव अशोक कुमार मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, संरक्षक काशीनाथ पाहन, मंगल उरांव हरिलाल मुंडा, बुद्धेश्वर मुंडा, दीपक मुंडा, जगमोहन मुंडा, सुखराम पहन व स्मारक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### हुंडरू फॉल में आवारा कुत्तों ने छह पर्यटकों को काटा

**सिकिदिरी।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हुंडरू फॉल में इन दिनों पर्यटकों के बीच आवारा कुत्तों का खौफ बढ़ गया है। कुत्तों के झुंड से फॉल आने वाले पर्यटकों व आसपास के ग्रामीण काफी परेशान हैं। आवारा कुत्तों के झुंड ने मंगलवार को छह पर्यटकों को काट लिया। वही हुंडरू गांव में दर्जनों बकरियों को भी काट कर जख्मी कर दिया है। आवारा कुत्ते स्थानीय दुकानदार की दुकान में रखे सामान को भी उठा ले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम की लापरवाही का नतीजा ग्रामीण भुगत रहे हैं । सभी आवारा कुत्तों को नगर निगम की टीम ने वाहन में लाकर इधर छोड़ दिया है। मंगलवार की शाम ग्रामीणों ने मिलकर एक पागल कुत्ते को मार डाला। इधर पर्यटक कुत्तों से भयभीत व परेशान हैं। कुत्तों से बचाने की मांग की है।

# मुड़मा जतरा में वाद्य यंत्रों की खूब हुई बिक्री

ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को लेकर लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। मेले में राज्य के अलावा बाहर से भी लोग पहुंचते हैं। वहीं मेले में खेल-तमाशा के साथ-साथ घरेलू और किसान के उपयोग की सभी वस्तुएं बिकती है। लोग सालों भर इस मेले के लगने का इंतजार करते हैं और काफी उत्साह के साथ इसमें शामिल होते हैं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** क्षेत्र के मुड़मा में 30 और 31 अक्तूबर को जतरा का आयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन 30 अक्तूबर को बाबूलाल मरांडी ने किया तो वहीं समापन के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। उन्होंने मेले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने लोगों को शिक्षित होकर आगे बढ़ने की अपील की। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष मुड़मा जतरा में लोगों की भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। पहले मौत के कुआं में सीढ़ियों तक लोगों की भीड़ रहती थी। वह इस बार खाली रहे। गगनचुंबी झूलों पर भी इतनी भीड़ नहीं देखी गई। कुछ लोगों का कहना था कि हो सकता है यह सुखाड़ का असर हो, जिस कारण लोग जतरा के प्रति हर वर्ष की तरह इस बार उत्साह नहीं दिखाये।



### इन्होंने मेले में की शिरकत

डॉ परमेश्वर भगत, शिव उरांव, भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, कामले किस्पोट्टा, बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा, बिहारी उरांव, सहदेव उरांव, बाबू पाठक, साकिर इस्लाही, मो मोजीबुलाह, संजय पाहन, मंगरू भगत, नेपाल के सांसद सूर्यदेव उरांव, ब्रह्मदेव उरांव, बाबू पाठक, जिप सदस्य परमेश्वर उरांव, उपप्रमुख अमानत अंसारी आदि मौजूद थे। वहीं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी और पुलिस के पदाधिकारी मौजूद थे।

### आम जनजीवन के उपयोग की वस्तु से लेकर मनोरंजन के भरपूर साधन मेले में रहे मौजूद

जतरा परिसर में पहुंचे तीन-तीन मौत के कुआं, गगन चुबी झूले, जादूगर, बच्चों के ट्रैंपलिंग पद स्विमिंग पुल ब्रेक डांस आदि जतरा पहुंचने वाले लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे, तो वहीं दूसरी ओर अपने नाम के अनुरूप मुड़मा जतरा में पारंपरिक चीजों से लेकर आम जनजीवन तक की सारी चीज मौजूद थी। लोहे से बनी टंगी, तलवार आदि तो वहीं दूसरी ओर पारंपरिक वाद्य ढोल, मांदर, नगाड़ा आदि भी यहां जमकर खरीद बिक्री हुई। वहीं मुड़मा जतरा से एक चीज की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री होती है। लोगों का मानना है की यात्रा से वापस जाते समय एक खरीद कर ले जाना शुभ माना जाता है। इसी कारण यहां एक कोने में जमकर एक की बिक्री करने वाले पहुंचते हैं। साथ ही रंग बिरंगी मिठाइयों से भरी दुकानों में भी खूब खरीद बिक्री हुई।

### सुरक्षा की थी चाक-चौबंद व्यवस्था

थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पूरे मेला परिसर को पांच भागों में बांटकर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। पंद्रह वॉच टावर के साथ पंद्रह सौ पुलिसकर्मी एवं दो हजार से अधिक वोलेंटियर जतरा की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था में तैनात किए गए थे। साथ ही पच्चीस पेट्रोलिंग पार्टी हैं, जो दिन और रात जतरा परिसर के चारों ओर घूमती रही। मुख्य दस स्थानों को चिन्हित किया गया था, जहां विशेष निगरानी की जा रही थी। बारह स्थानों पर बैरिकेडिंग के साथ सात अलग-अलग जगहों पर पार्किंग की भी व्यवस्था की गई थी।

एक नजर में

### किसानों के बीच उत्तम बीज का वितरण



**ओरमांझी।** राज्यसभा सदस्य महुआ माजी द्वारा एग्री स्मार्ट ग्राम के लिए अनुशंसित चंदरा पंचायत में मंगलवार के प्रखंड मुख्यालय द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय किसानों के बीच बीज बितरण किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ विजय कुमार ने सब्जी व सरसों बीज की मिनी किट वितरण करते हुए कहा कि किसानों के आर्थिक विकास के लिए खेती के लिए सुविधा उपलब्ध काना जरूरी है। वहीं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) अलिजान हुसैन ने कहा कि किसानों को उत्तम बीज दिया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, मुखिया सीमा तिर्की, ग्रामप्रधान, जनसेवक, कृषक मित्र, जनप्रतिनिधि, किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

### अक्षम बच्चों के लिए वॉक फॉक डायलेक्सिया रैली



**राहे।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत अक्षम बच्चों की पहचान के लिये कन्या मध्य विद्यालय राहे के छात्र-छात्राओं द्वारा वॉक फॉक डायलेक्सिया रैली का आयोजन राहे में किया गया। वॉक फॉक डायलेक्सिया के संबंध में जानकारी देते हुये रिसोर्स शिक्षक सतेन्द्र महथा ने बताया कि कुछ बच्चों को लिखने में समस्या, गणितीय समस्या या फिर अक्षरों की पहचान की समस्या हो तो अधिगम अक्षमता के लक्षण होते हैं। वैसे बच्चों की पहचान करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम में बीपीओ प्रवीण कुमार, प्रखंड साधन सेवी श्यामा गौरी यादव, सावित्री कुमारी, स्कूल के शिक्षिका आशा देवी, हेमलता कुमारी, निर्मल सिंह, नीलम कुमारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सेना के जवान सहित दो घरों से जेवरात और नगद की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा रोड कृष्णा मोहल्ला में मंगलवार की दोपहर को चोरों ने घात लगाकर दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं। कृष्णा मोहल्ला के दो घरों में हुई चोरी की घटना के बाद भुक्तभोगी परिवारों ने इसकी सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन को दिए। इसके बाद बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने कृष्णा मोहल्ला में हुई दो घरों में चोरी की जानकारी ली है और चोरी हुए घरों में जाकर परिवार वालों से पूछताछ किया। कृष्णा मोहल्ला के दो घरों में हुई चोरी में क्रमशः बेड़ो खत्री खटंगा निवासी सुभाष खन्ना और लापुंग डिंबा गांव निवासी आर्मी जवान रतन प्रसाद साहू के घर शामिल है। ये दोनों बेड़ो के कृष्णा मोहल्ला में अपना घर बनाकर रह रहे थे। जहां मंगलवार की दोपहर करीब 11 से 12.00 के बीच चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी सुभाष खन्ना ने बताया कि वे सुबह में 9.30 बजे अपने दुकान चला गया था। वही मेरी बेटी और पत्नी भी स्कूल चली गई हुई थी तो मैं दोपहर 2.00 बजे स्कूल से पत्नी और बेटी को लेकर घर पहुंचा तो देखा कि घर के खिड़की का ग्रिल तोड़ा हुआ है। घर के कमरे में छानबीन किया तो पता चला अलमारी में रखें लाखों रुपए के जेवरात समेत 10 हजार रुपए गायब थे।

## कुच्चू में एटीएम काट रुपये चोरी का प्रयास

- आईडीबीआई बैंक के एटीएम को चोरो ने काटा, नहीं ले पाये पैसे

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्चू बाजार स्थित आईडीबीआई बैंक का एटीएम काट कर रुपये चुराने का प्रयास किया गया, जो विफल हो गया। ग्रामीणों की सक्रियता के कारण अपराधी रुपए चोरी नहीं कर सके। मंगलवार की सुबह तीन बजे के करीब सफेद रंग के क्रेटा कर में सवार होकर चार चोर एटीएम का पैसे चुराने पहुंचे। पहले एटीएम में लगे सटर का ताला तोड़ कर अंदर गए और गैस कटर की मदद से एटीएम को भी काट दिया। तभी



स्थानीय ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। ग्रामीणों को जुटता देख कर सभी चोर फरार हो गए। घटना की तस्वीर बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया गया कि बैंक के आगे कार लगा कर दो चोर एटीएम काटने में लगे थे। चालक कार में ही बैठा था। वहीं एक आसपास में नजर रखे हुए था। वह बैंक के आगे लगे जलमीनार पर हाथ मुंह भी धो रहा था। इस दौरान एक ग्रामीण के टोकने पर कहा कि बैंक को चुना लगाने आए हैं। बाद में ग्रामीणों द्वारा अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी गई। बैंक प्रबंधक जयराम ने भी चोरों द्वारा रुपये ले जाने से इनकार किया है। सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना पुलिस पहुंची। बैंक प्रबंधक, कर्मी व स्थानीय ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और कैमरे में कैद तस्वीर की मदद से चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि चोरों द्वारा एटीएम से छेड़छाड़ करने से एटीएम लॉक हो गया।

### डकरा में मनाई सरदार पटेल की जयंती

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा कॉलेज डकरा में एन एस एस स्वयंसेवकों के द्वारा कॉलेज लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों को एन एस एस स्वयंसेवकों के द्वारा परिसर में देश की एकता, अखंडता की शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद कॉलेज से डकरा स्टेडियम तक एकता दौड़ का आयोजन किया हुआ। प्रोफेसर गजेन्द्र यादव ने कहा कि लौह पुरुष देश की अखंडता के लिए कार्य किये।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-93-94-2023, दिनांक: 30.10.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्य का नाम : (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-93-2023, रांची मंडल में एलसीएस/एनएचएस (कट एंड कवर तकनीक) का निर्माण करके मानवयुक्त एलसी सं. सीएम-51 एवं सीएम-45 को समाप्त करना। (2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-94-2023, रांची मंडल में डीईएन/दक्षिण/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में हटिया में डीआरएम कार्यालय भवन का दो साल के लिए रखरखाव, अनरक्षण एवं कोटाणुशोधन। निविदा मूल्य : ₹ 8,16,07,596.85 (क्रम. स. 1 के लिए) एवं ₹ 57,14,100.23 (क्रम. स. 2 के लिए)। बयाना राशि : ₹ 5,58,000/- (क्रम. स. 1 के लिए), एवं ₹ 1,14,300/- (क्रम. स. 2 के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : 21.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे प्रत्येक के लिए। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते है। (PR-760)

## नगड़ी में फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी प्रखंड परिसर में मंगलवार को फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, नगड़ी बीडीओ दीपाली भगत, अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह प्रदर्शनी जानकारी का बहुत बड़ा माध्यम है। प्रदर्शनी के माध्यम से न केवल केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया जा रहा है, बल्कि झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। विश्वकर्मा योजना, रोजगार योजना सहित केंद्र सरकार की कई योजनाओं के साथ साथ झारखंड की कलाकृतियों को दर्शाने का प्रयास किया गया है। जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने कहा कि प्रदर्शनी के द्वारा रोजगार, मोटा अनाज के उपयोग करना अच्छा कदम है। पद्मश्री मधु मंसुरी, बीडीओ दीपाली भगत, सीओ राकेश कुमार, केदार महतो सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन ऐनुल हक अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन शाहिद रहमान ने किया।



## समावेशी शिक्षा पर बीआरसी खलारी में जागरूकता कार्यक्रम

### विद्यालय के शिक्षकों ने दिया योगदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** समावेशी शिक्षा लर्निंग डिसेबिलिटी पर जागरूकता कार्यक्रम बी आर सी खलारी के रिसोर्स शिक्षक मनोज कुमार और पूजा कुमारी की उपस्थिति में खलारी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर में अधिगम अक्षमता पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। दोनों रिसोर्स शिक्षक द्वारा जानकारी दिया गया। अधिगम अक्षमता वाले बच्चों को लिखने, पढ़ने एवं गणितीय समस्या होती है अक्षरों को पहचान एवं लिखने की समस्या होती है। विद्यालय में इस प्रकार के बच्चों के लक्षण हो बच्चों की पहचान करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी बच्चों को विस्तृत जानकारी दिए स वही कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंथु साहु राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा देश की एकजुट करने के लिए पटेल और अन्य कार्यकताओं द्वारा संघर्ष को और बलिदानों की भी याद दिलाता है साथ ही विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु अरुण उरांव सहित बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट,
जिला- रामगढ़, झारखण्ड- 829122
ई.मेल-eercdramgarh-jhr@nic.in

''सूचना''

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का अतिअल्पकालीन निविदा अमंत्रण सूचना संख्या-04 वर्ष 2023-24 दिनांक 26.10.2023 जो P.R No.-309923 (Road) 23-24(D) द्वारा आमंत्रित निविदा को निम्न प्रकार संशाधित किया जाता है:-

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा | अतिअल्पकालीन निविदा | अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा (2nd Call) |
| 2. | बिक्री की तिथि | 03.11.2023 | 06.11.2023 |
| 3. | प्राप्ति की तिथि | 06.11.2023 | 07.11.2023 |

शेष यथावत रहेंगे।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
PR 310308 Road (23-24)_D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

## यक्ष्मा आरोग्यशाला से सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**इटकी।** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के सेवानिवृत फार्मासिस्ट सह भंडार पाल श्रीचंद यादव और प्रखंड मुख्यालय के सेवानिवृत जनसेवक सह प्रधान लिपिक को अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। मंगलवार को आरोग्यशाला के सभागार में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने श्रीचंद यादव द्वारा आरोग्यशाला में लगातार 33 वर्षों की सेवा काल में की गई उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा करते हुए सराहना की गई। साथ ही सेवानिवृत होने के बाद उनके बचे जीवन में खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में आरोग्यशाला प्रशासन और कर्मचारियों द्वारा उन्हें कई उपाहार भेंट की गई। कार्यक्रम में राज्य स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ रंजीत प्रसाद, अधीक्षक डॉ पीके भगत, पूर्व उपाधीक्षक डॉ शकील अहमद, डॉ रेणू तिर्की, डॉ नम्रता सिंह, डॉ सालिक जमाल, डॉ आर्या कुमार, डॉ स्वेता सिंकू, नर्स निर्मला, स्वेता कुमारी, प्रिय रंजन, कौसर आलम, शमीम अंसारी, राकेश गोप, मनोज सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इधर इटकी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत जन सेवक सह प्रधान सहायक श्रीधर शारंगी को भी विदाई दी गयी। मौके पर कई उपाहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, बीपीओ संजय कुमार साहू, बीपीआरओ धनेश्वर राम, रहीस मलिक, अजीत कुमार, सन्नी बाखला, रूपचंद कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



### लापुंग : काली पूजा को लेकर बैठक

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लालगंज में इस वर्ष भव्य तरीके से काली पुजा का आयोजन करने को लेकर मंगलवार को लालगंज काली पूजा समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जहां बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नया कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से बैठक में अध्यक्ष चरकु साहू सचिव लखन साहू को चुना गया।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
झारखण्ड एग्रीकल्चर एण्ड सोएल मैनेजमेंट इन्स्टीच्यूट (जैसमीन)
कार्यालय-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जैसमीन, झारखण्ड, रॉंची।
चतुर्थ तल्ला रूम नं0-405 कृषि भवन, कांके रोड, रॉंची, ई-मेल-ceojasmin@gmail.com

CORRIGENDUM. JASMIN 01/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Tender to provide man power & security guard at JASMIN office and concerned centers at Ranchi & Hazaribagh. |
| 2 | Tender Referance Number. | JASMIN 01/2023-24 |
| 3 | Tender ID | 2023_JASMI_76897_1 |
| 4 | Tender Type | OPEN TENDER |
| 5 | PR No. | PR309078Agriculture(2023-24).D |
| | PREVIOUS DATE | REVISED DATE |
| 1 | Online tender Submission Period 12/10/2023 (11:00AM) to 31/10/2023 (03:00PM) | Online tender Submission Period upto 07/11/2023 (03:00PM) |
| 2 | Last date for submission of hard copy of Tender document, Tender cost and EMD 01/11/2023 (05:00PM) | Last date for submission of hard copy of Tender document, Tender cost and EMD 08/11/2023 (05:00PM) |
| 3 | Tender Opening Date of Technical bid and place 03/11/2023(02:00PM) JASMIN, 4th Floor, R.No.405, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 (JHARKHAND) | Tender Opening Date of Technical bid and place 10/11/2023(02:00PM) JASMIN, 4th Floor, R.No.405, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 (JHARKHAND) |

Further Details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in Sd/-
PR 310235 Agriculture(23-24)D CEO, Jasmin Jharkhand, Ranchi

# राष्ट्र की एकता-अखंडता की ली शपथ

### कृतज्ञ राष्ट्र ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया और उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य समारोह समर्पणदीप बीएड कॉलेज सभागार में हुआ। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और उनके पदचिन्हों पर चल देश की उन्नति के लिये काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो रजनीश पांडेय ने किया और बल्लभ भाई के योगदान को अविस्मरणीय बताया। प्रशिक्षु शिवानी, अतुल, कृष्णा, पल्लवी, लक्ष्मी, विकास व साक्षी ने भी अपनी बातें रखी। संचालन सुमन उरांव, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष दशरथ महतो ने दिया।

### सोहावति पब्लिक स्कूल में मनी सरदार पटेल की जयंती



**अनगड़ा।** भारत के लौह पुरुष और देश को एकता के सूत्र मे पिरोने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयन्ति के मौके पर मंगलवार को सोहावती पब्लिक स्कूल चिलदाग में उन्हे याद किया गया । और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्व० पटेल के जीवनी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाले। छात्र छाताओं कविताएं सुनाए और गोष्ठी भी की इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। विधायल के प्राचार्य एडवर्ड लुगुन निदेशक डॉ अमर कुमार चौधरी और सचिव डॉ कुमुद मेहता द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति शपथ भी दिलाई गयी। इस कार्यक्रम को शरद शशि रानी नीरज इत्यादि शिक्षकों के द्वारा आयोजित किया गया। प्रार्थना सभा में स्कूल के प्राचार्य ने स्व पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें भी सरदार वल्लभभाई पटेल के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए उनके जीवन के आदर्शों अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कहा कि स्व पटेल जीवन पर्यन्त देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करते रहे।

#### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक आनंद भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, सजीत महतो, कुमारी पुष्पा सिंह, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा, श्रेयशी बनर्जी, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, शिवराज भगत, संदीप, कार्तिक, लीना व आशा आदि।

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(खनन शाखा)

बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति-अल्पकालीन वित्तीय-निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नम्बर | खाता संख्या | रकवा (हेक्टयर में) | Tentative Yearly Production (cum) | e-Tender reference no. | वेबसाईट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई-निविदा खुलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारियों के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | लईयो | माण्डु | 129 | 3421 | 0.08 | 480.00 | SAND/MDO/C at A/laiyo/2023/1 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |
| 2 | टोकीसूद I | पतरातु | 160 | 64 | 0.93 | 8370.13 | SAND/MDO/C at A/Tokisud I/2023/2 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |
| 3 | टोकीसूद II | पतरातु | 01 | 64 | 2.28 | 20520.13 | SAND/MDO/C at A/ Tokisud II/2023/3 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |
| 4 | सिरका | रामगढ़ | 243 | 42 | 2.46 | 22140.25 | SAND/MDO/C at A/Sirka/2023/4 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |
| 5 | पैंकी | माण्डु | 275, 257 | 38 | 0.62 | 5580.00 | SAND/MDO/C at A/Painki/2023/5 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |
| 6 | हेसापोड़ा | गोला | 1118 | 95 | 1.82 | 42042.00 | SAND/MDO/C at A/Hesapora/2023/6 | 31.10.2023 | 08.11.2023 | 09.11.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |

नोट :- 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई-निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिये ई-निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़।
PR 310237 (Mines and Geology) 23-24 (D)

